■ संक्षिप्त समाचार

www.sanjanabharati.com

दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित

facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 क्या हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन | 3 स्वामी विवेकानन्द प्रवास स्थल राष्ट्रीय स्मारक घोषित... | 4 सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र...

वर्ष: 9 | अंक: 290 | दिल्ली, बुधवार, 13 अगस्त 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## दिव्यांगों के लिए सरकारी योजनाओं के साथ सामाजिक करुणा भी आवश्यक-धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिव्यांगों के लिए उपयोगी और सर्वसमावेशी योजनाएं शामिल हैं, किंतु केवल नीति बनाने से बदलाव संभव नहीं होता। इसके लिए समाज में संवेदनशीलता और करुणा का भाव आवश्यक है, तभी सभी को संसाधन, अवसर और सम्मान प्राप्त हो सकता है। दीपस्तंभ फाउंडेशन का मनोबल प्रकल्प इसी भावना का आदर्श उदाहरण है। वे सोमवार को नई दिल्ली में मनोबल प्रकल्प के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। दिव्यांग, अनाथ, ट्रांसजेंडर और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क आवासीय उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने वाला मनोबल प्रकल्प, जळगांव और पुणे के बाद अब नई दिल्ली में भी शुरू हो गया है। नई दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित नवनिर्मित महाराष्ट्र सदन के भव्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री धर्मेंद्र प्रधान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों की राज्य मंत्री श्रीमती रक्षाताई खडसे, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल, नवनियुक्त राज्यसभा सांसद एडवोकेट उज्ज्वल निकम, भाजपा के केंद्रीय संगठन मंत्री वी. सतीश, आईसीसीआर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्रबुद्धे, पूर्व विदेश सचिव डॉ. ज्ञानेश्वर मुले, वरिष्ठ पत्रकार श्री उदय निरगुडकर और दीपस्तंभ फाउंडेशन के संस्थापक-निदेशक श्री यजुर्वेंद्र महाजन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

## मृत नहीं, सबसे तेज है भारत की इकोनॉमी-चंद्रबाबू नायडू

**आंध्र प्रदेश (एजेन्सी)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की डेड इकोनॉमी वाली टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारतीय अर्थव्यवस्था में अपने विश्वास को दोहराते हुए जोर दिया कि भारत वर्तमान में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसका मुकाबला नहीं कर सकता। विजयवाड़ा में सोमवार को 'हर घर तिरंगा रैली' अभियान को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी (भारत की) अर्थव्यवस्था मृत है। नहीं, यह दुनिया में तेजी से आगे बढ़ने वाली एकमात्र अर्थव्यवस्था है। कोई भी इसका मुकाबला नहीं कर सकता। चंद्रबाबू नायडू ने आगे कहा कि हालाँकि शुरूआत में भारत को एक 'गरीब देश' माना जाता था जो किसी भी चीज में असमर्थ था, आज यह 'सबसे शक्तिशाली राष्ट्र' के रूप में उभर रहा है।

## 'वोट चोरी' के आरोपों को दोहराते हुए बोले राहुल गांधी, पिक्चर अभी बाकी है

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत को लागू करने का अपना कर्तव्य नहीं निभाने का आरोप लगाया और मतदाता सूची में अनियमितताओं के दावों का हवाला देते हुए कहा कि अभी पिक्चर बाकी है। गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा में लगी हुई है और आगे भी ऐसा करती रहेगी। राहुल गांधी ने भारत के चुनाव आयोग की तीखी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को लागू करने में विफल रहा है, जिसे उन्होंने संविधान की नींव बताया। गांधी ने चुनाव आयोग पर अपने कर्तव्य की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति, एक वोट संविधान की नींव है। एक व्यक्ति, एक वोट को लागू करना चुनाव आयोग का कर्तव्य है, लेकिन उन्होंने अपना कर्तव्य नहीं निभाया है। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं, और हम इसे करते रहेंगे।

# लोकसभा में विपक्ष का जबरदस्त हंगामा, इनकम टैक्स बिल-2025 पास

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** सिंसद का मानसून सत्र चल रहा है। मंगलवार को विपक्ष का हंगामा जबरदस्त से तरीके से देखने को मिला। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच दोनों सदनों में कई विधेयक को पारित कराया गया। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच वार-पलटवार का दौर भी देखने को मिला। वहीं लोकसभा में विपक्ष का प्रदर्शन जबरदस्त तरीके से हुआ।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सबने देखा है कि कागज का टुकड़ा चेयर की तरफ फेंका गया और गंदी नारेबाजी की गई। जिस सदन में हम काम करते हैं और देश की सेवा करते हैं, उसी सदन में आज आपने चेयर पर कागज फेंका है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये सदन सबका है. ये देश का सदन है। ये देश और ये सदन नियम-कानून से चलेगा, विपक्ष की मनमानी से नहीं चलेगा। वहीं, चेयर पर मौजूद जगदंबिका पाल ने कहा कि आज जो सदन में हुआ वह सदस्यों ने नहीं किया है। कांग्रेस के उपनेता ने इशारा किया और कागज दिया कि उसे फाड़ें। कोई उपनेता इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना हरकत नहीं करता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के एक प्रस्ताव को मंगलवार को स्वीकार कर लिया और उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समिति के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, इसलिए उन्हें न्यायाधीश के पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। बिरला ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी वी आचार्य शामिल होंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में आयकर विधेयक, 2025 और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि एक लाख रु हर महीने कमाने वालों को आय कर नहीं देना होगा, हमने ऐसे टैक्स का ढ़ांचा तैयार किया है. राहत दी गई है, दरों में कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि जैसा जुलाई 2024 के बजट में वादा किया था, करों से जुड़े नियमों और प्रावधानों को आसान बनाया जा रहा है। राज्यसभा ने आयकर विधेयक, 2025 और कराधान विधि (संशोधन) विधेयक पर चर्चा कर इन्हें ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया, जिन्हें लोकसभा पहले ही पारित कर चुकी है।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान ने हर नागरिक और बच्चे के हृदय में गहरी देशभक्ति की भावना पैदा की-रेखा गुप्ता



एसबी संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संसद सदस्यों के साथ भारत मंडपम से आयोजित 'हर घर तिरंगा' सांसद बाइक रैली में भाग लिया, जो स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजित की गई। भारत मंडपम से रवाना हुई इस रैली का उद्देश्य नागरिकों को प्रेरित करना है कि वे अपने घरों में तिरंगा लगाएं और उसे गर्व के साथ फहराएं। (इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, गजेंद्र सिंह शेखावत, संजय सेठ और कई सांसदों ने भाग लिया, जिससे उत्सव की शुरूआत जोशपूर्ण माहौल में हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस को हर घर का पर्व बना दिया है। 'हर घर तिरंगा' अभियान ने हर नागरिक और बच्चे के हृदय में गहरी देशभक्ति की भावना पैदा की है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में हजारों कार्यक्रम हो रहे हैं, जिनमें तिरंगा यात्राएं और सैनिकों की भागीदारी शामिल है, जो नागरिकों को एक सूत्र में पिरो रहे हैं।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले का ऐसा उत्साह और व्यापक जनभागीदारी कभी नहीं देखी गई। जो लोग संविधान लेकर घूमते हैं, वे न तो तिरंगा लेकर दिखाई देंगे और न ही 'भारत माता की जय' के नारे लगाएंगे। उन्होंने तिरंगे को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा कि यह समृद्धि, एकता और प्रगति का प्रतीक है और हर भारतीय का सपना है कि इसे हमेशा ऊंचा लहराते देखें।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न ऐतिहासिक निर्णयों और अभियानों के बाद देश में पैदा हुई भावनात्मक एकता पर जोर देते हुए कहा कि 'भारत माता की जय' के नारों के साथ आज हजारों बाइकें तिरंगा लेकर निकलीं, और आसमान तथा हवाओं में देशभक्ति के नारे गूंज उठे। सांसदों से लेकर सैनिकों तक, हमारा देश के प्रति प्रेम हर साल निरंतर बढ़ता ही जा रहा है।

# हरियाणा में स्वच्छता और सुंदरता को लगेंगे पंख, विभिन्न शहरों के लिए 342 करोड़ के प्रोजेक्ट मंजूर



### ■ स्वच्छता पर रखें विशेष ध्यान, स्वच्छ हरियाणा-सुंदर हरियाणा बनाना सरकार का लक्ष्य-नायब सिंह सैनी

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए अधिकारियों को राज्य में सिविल कार्यों के लिए टेंडर फ्लोट करने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाए, जिसमें प्रत्येक चरण की स्पष्ट समय-सीमा और जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी समाप्त हो सके और परियोजनाओं का क्रियान्वयन तय समय पर सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री पंचकूला में शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल भी उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 342 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 11 करोड़ 90 लाख रुपये की बचत की गई ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन कांट्रेक्टर्स द्वारा उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जा रहा है, उन्हें समय-समय पर सम्मानित किया जाए ताकि कार्य के प्रति प्रतिस्पर्धा और प्रतिबद्धता बनी रहे। साथ ही, काम में कोताही बरतने या सही तरीके से काम न करने वाली एजेंसी एवं कांट्रेक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाए।

बैठक में करनाल नगर निगम में दिव्य नगर योजना के तहत प्रमुख सड़क खंडों के विकास एवं सौंदर्यीकरण, पार्कों और चौकों के आधुनिकीकरण के लिए 15.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों के पूरा होने से न केवल नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध होंगे, बल्कि साफ-सुथरे और आकर्षक वातावरण के कारण लोगों के जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इसी प्रकार डेयरी कॉम्प्लेक्स, कन्हेली रोड, रोहतक में 13.92 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई जिससे स्थानीय गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

इसके साथ ही, गुरुग्राम में श्री माता शीतला देवी श्राइन परिसर के पुनर्विकास के लिए 13.50 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा।

बैठक में स्वच्छता पर विशेष फोकस रखते हुए घर-घर कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन और निस्तारण के संबंध में भी विभिन्न कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें, नरवाना नगर परिषद में 9.18 करोड़ रुपये, नगर निगम रोहतक में 85.90 करोड़ रुपये, नगर निगम यमुनानगर में 21.97 करोड़ रुपये, फतेहाबाद नगर परिषद में 10.45 करोड़ रुपये, नगर निगम हिसार में 56.95 करोड़ रुपये, नगर निगम मानेसर में 64 करोड़ रुपये, टोहाना नगर परिषद में 9.35 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, रोहतक नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण तथा रेवाड़ी नगर परिषद में लीगेसी वेस्ट के हेतु भी क्रमशः 25.96 करोड़ रुपये व 15.28 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण और ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक आधुनिक व प्रभावी बनाया जाए, जिससे स्वच्छ हरियाणा-सुंदर हरियाणा के लक्ष्य को तेजी से हासिल किया जा सके। इसके लिए हर स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक पंकज के अलावा संबंधित नगर निगम आयुक्त और जिला नगर आयुक्त उपस्थित रहे।

# दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक 'गहन आईईसी कैंपेन' का किया शुभारंभ

संजना भारती संवाददाता

**नई दिल्ली।** 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के विजन को पूरा करने के लिए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने आज इंटरनेशनल यूथ डे के मौके पर राजधानी दिल्ली में एचआईवी/एड्स जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय पर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा आयोजित आईईसी कैंपेन अभियान का शुभारंभ किया। इस जागरुकता अभियान का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना, समय पर जांच कर बीमारी की रोकथाम, बेहतर उपचार और एड्स को लेकर समाज में फैली हर भ्रांति को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करना है।




स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के साथ मिलकर आईईसी जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। दिल्ली के डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से इस अभियान को शुरू किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम, समुचित इलाज एवं उससे जुड़ी समाज में फैली भ्रांतियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाकर हमेशा के लिए दूर करना है। जिसके लिए हमारी सरकार दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम, मुक्का-नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, जागरूकता रैलियों के साथ ही स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार एचआईवी संक्रमण के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं का संयोजन यानी एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी को निःशुल्क उपलब्ध करवा रही है। जिसे एचआईवी/एड्स संक्रमित व्यक्ति भी लंबे समय तक सामान्य जीवन जी सकता है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर एचआईवी जांच की सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध है। कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि कई बार युवाओं में सुई और सिरिंज के जरिए नशा लेने की प्रवृति से भी एचआईवी संक्रमितों की संख्या में इजाफा हो जाता है। आज हम सभी लोगों को एकजुट होकर संकल्प लेना है कि न हम कभी एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति के साथ किसी तरह का कोई भेदभाव करेंगे और न ही राजधानी दिल्ली में किसी के भी संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव होने देंगे। उन्होंने कहा कि एचआईवी/एड्स जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय के प्रति जागरूकता फैलाने की इस मुहीम में हर दिल्लीवासी की भागीदारी सुनिश्चित करनी जरूरी है। जागरूकता के सभी कार्यक्रमों में हमारी सरकार लोगों के साथ मिलकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके एचआईवी/एड्स को नियंत्रण की दिशा में सफल प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली विधानसभा परिसर 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14-15 अगस्त को आम जनता के लिए खुला रहेगा

## देशभक्ति से भरपूर बीएसएफ बैंड और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे विशेष आकर्षण

### ■ विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी, दोनों दिन शाम 5 बजे से प्रवेश शुरू होगा

संजना भारती संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा परिसर 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 और 15 अगस्त 2025 को शाम 5:00 बजे से रात 8:00 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। दिल्ली के लोग 115 साल पुराने ऐतिहासिक भवन का भ्रमण कर सकेंगे और परिसर के अंदर मौजूद महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों को देख सकेंगे। समारोह में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स बैंड देशभक्ति से सराबोर धुनें प्रस्तुत करेगा, वहीं साहित्य कला परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम को विधानसभा परिसर विशेष लाइटिंग से जगमगाएगा, जिससे माहौल और भी उत्सवमय और देशभक्ति से भरा होगा। दिल्ली विधान सभा सचिवालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में दिल्ली विधान सभा में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मंत्रीगण, विधायकगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। दिल्ली के लोग स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे, ऐतिहासिक भवन की भव्यता देख सकेंगे और इसके वास्तुशिल्प व दिल्ली की लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जान पाएंगे। बीएसएफ बैंड की प्रस्तुति देशभक्ति, एकता और गर्व की भावना को जगाएगी। साहित्य कला परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की समृद्ध कला और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करेंगे, जिससे लोगों में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक सद्भाव का संदेश जाएगा।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए किसी पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। दोनों दिन शाम 5 बजे से प्रवेश शुरू होगा। कार्यक्रम में आने वाले लोगों को पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड दिखाकर विधान सभा परिसर में प्रवेश करना होगा।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को गहरा करना है, ताकि लोग राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में सार्थक योगदान दे सकें। यह हर नागरिक को लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थाओं और हमारी समृद्ध विरासत की रक्षा व संरक्षण की जिम्मेदारी की याद दिलाता है, जिससे हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता मजबूत हो सकेगी।

# बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड की कार्यकारिणी की बैठक हुई आयोजित



संजना भारती संवाददाता

**पटना।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड की कार्यकारिणी की बैठक राज्य मुख्य आयुक्त रामकुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मुख्यालय बुद्ध मार्ग पटना में हुई जिसमें निदेशक प्राथमिक शिक्षा के द्वारा 12 दिसंबर 2024 के पत्र का दुरूपयोग कर हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के द्वारा ज़िलों के स्कूलों में दल पंजीयन वसुला जा रहा है जिसकी निंदा की गई। सारण, नवादा एवं मुजफ्फरपुर सहित बहुत से जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा पूरी जानकारी मिलने पर अपने पत्र को निरस्त कर हिन्दुस्तान स्काउट गाइड को किसी भी तरह की राशि नहीं देने का पत्र जारी किया है। बैठक में सर्वसम्मति से राज्य मुख्य आयुक्त रामकुमार सिंह ने पूर्वी चम्पारण जिला के जिला मुख्य आयुक्त रत्नेश्वरी शर्मा को विभागीय स्तर पर संबंधित कार्यालयों में पत्राचार करने के लिए अधिकृत किया ताकि पूरे बिहार में हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड द्वारा सहयोग के नाम पर स्कूलों से राशि की वसुली नहीं कर सकें।

बैठक में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से राज्य सभापति उदयशंकर प्रसाद सिंह, राज्य आयुक्त डॉ ऋषभ कुमार, अंजनेय गौतम, दिलीप कुमार राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार, जिला मुख्य आयुक्त हरेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, पुरन्दर स्वर्ण, चन्द्रभूषण सिंह, नंदकिशोर कुमार आदि प्रमुख थे।

# सम्पादकीय

## भारत हुआ मजबूत

**रूस-यूक्रेन** युद्ध के बीच, भारत की विदेश नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक सूझबूझ एक बार फिर वैश्विक सुर्खियों में है। दरअसल गत सप्ताह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से तथा इस सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदमीर जेलेंस्की से अलग-अलग वार्ताएं कीं और यह सब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन की अलास्का में होने वाली बैठक से ठीक पहले हुआ। मोदी-पुतिन बातचीत ऐसे समय में हुई जब अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक तनाव चरम पर था। ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 25% और फिर 50% तक टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की थी, साथ ही भारत-रूस ऊर्जा और रक्षा सौदों की वह खुली आलोचना कर रहे थे। पुतिन से फोन पर बातचीत में मोदी ने न केवल यूक्रेन युद्ध पर नवीनतम स्थिति जानी, बल्कि दोनों देशों के "विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी" को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसमें व्यापार, निवेश, रक्षा-तकनीकी सहयोग, नागरिक विमानन और रासायनिक उद्योग तक पर चर्चा हुई। इस वार्ता के जरिये भारत ने अमेरिका को साफ संदेश दिया कि ऊर्जा स्रोतों का चयन बाजार और वैश्विक परिस्थितियों के आधार पर होता है और रक्षा सौदे राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकताओं से तय होते हैं। यह मोदी की उस कूटनीति का उदाहरण है जिसमें वे अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद सामरिक स्वतंत्रता बनाए रखते हैं। वहीं जेलेंस्की से वार्ता में मोदी ने भारत के "स्थिर और निरंतर" रुख को दोहराया कि युद्ध का समाधान केवल राजनीतिक और कूटनीतिक मार्ग से ही संभव है। दूसरी ओर, जेलेंस्की ने रूस के ऊर्जा निर्यात, खासकर तेल को सीमित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि युद्ध के लिए उसकी वित्तीय क्षमता घटे। यूक्रेन की ओर से यह भी संकेत दिया गया कि मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान न्यूयॉर्क में जेलेंस्की से व्यक्तिगत मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि भारत ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हम आपको बता दें कि भारत, चीन की तरह, अब तक रूस की आलोचना से बचा है और मानता है कि किसी भी शांति पहल में दोनों पक्षों को शामिल करना जरूरी है। यह संतुलन बनाए रखना, मोदी की कूटनीति की खासियत है। मोदी की कूटनीति है- न तो रूस से रिश्ते कमजोर करना, न ही यूक्रेन को पूरी तरह नजरअंदाज करना। यह स्थिति निश्चित रूप से यह संकेत देती है कि रूस और यूक्रेन, दोनों ही भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में देखते हैं जिनके पास संवाद और मध्यस्थता की क्षमता है, भले ही भारत औपचारिक रूप से मध्यस्थ की भूमिका में न हो। हम आपको बता दें कि भारत ने शुरू से ही रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक संतुलित रुख अपनाया है, न तो रूस की निंदा की है और न ही युद्ध को वैध ठहराया है। इस कारण, नई दिल्ली दोनों पक्षों के साथ विश्वास का रिश्ता बनाए रखने में सफल रही है। पुतिन और जेलेंस्की का मोदी से अलग-अलग फोन पर बात करना यह दशार्ता है कि वह अपनी-अपनी स्थिति भारत के सामने स्पष्ट करना चाहते हैं, ताकि अलास्का में ट्रंप-पुतिन मुलाकात से पहले भारत का दृष्टिकोण और समर्थन उन्हें मिले। मोदी की कूटनीति की खासियत है कि वे सभी से मित्रता, किसी पर निर्भरता नहीं के सिद्धांत पर चलते हैं। भारत की ऊर्जा जरूरतें रूस से जुड़ी हैं, जबकि पश्चिमी देशों और अमेरिका के साथ भी भारत के रणनीतिक और आर्थिक हित हैं। ऐसे में, भारत किसी भी एक खेमे में जाने की बजाय विश्वसनीय संवादकर्ता की भूमिका निभा सकता है।

## ग़ज़ल

उनको हंगामा मचाने का बहाना चाहिए।
गर मिले मौका तो इनको आजमाना चाहिए॥
धूप, वर्षा, जाड़े से खुद को बचाने के लिए।
हर किसी को इस चमन में इक ठिकाना चाहिए॥
क्या करेगा लेके दौलत, मस्तमौला इक फकीर।
उसको तो बस पैरहन और आबो-दाना चाहिए॥
टूट जाते हैं यहाँ दिल काँच की मानिंद जब।
फिर समझ आता नहीं, क्यों दिल लगाना चाहिए॥
जिनकी याद आ जाने से, आ जाती है मन में बहार।
उनके खातिर दिल में इक मंदिर बनाना चाहिए॥
दर्द का तोहफा मिले तो उसको भी स्वीकार कर।
कहते हैं कि दर्द में भी मुस्कुराना चाहिए॥
रिस्तों की है डोर नाजुक, टूटने मत दो इसे।
झुक के भी इंसान को रिस्ते निभाना चाहिए॥
मुफलिसी के दौर में, जो भी सफर में साथ थे।
खुशियों में हर्गिज नहीं उनको भुलाना चाहिए॥
ये जरूरी है नहीं कि हर कोई उस्ताद हो।
'शिब्बू' खुश रहने के खातिर गुनगुनाना चाहिए॥



-शिब्बू गाजीपुरी

## जयंती

### गंगा प्रसाद वर्मा

जन्म-13 अगस्त, 1863; मृत्यु-23 जून, 1914) सन 1885 में कांग्रेस के प्रथम स्थापना अधिवेशन मुम्बई में उत्तर प्रदेश से भाग लेने वाले मुख्य प्रतिनिधि थे। उनके पर स्वामी रामतीर्थ का बहुत प्रभाव था। उन्होंने 1883 में 'एडवोकेट' नामक द्वि-साप्ताहिक पत्र का सम्पादन करके अपना सार्वजनिक जीवन प्रारम्भ किया था।

## पुण्यतिथि

### अहिल्याबाई होल्कर

जन्म: 31 मई, 1725; मृत्यु: 13 अगस्त, 1795) मल्हारराव होल्कर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थीं। अहिल्याबाई किसी बड़े राज्य की रानी नहीं थीं, लेकिन अपने राज्य काल में उन्होंने जो कुछ किया वह आश्चर्यचकित करने वाला है। वह एक बहादुर योद्धा और कुशल तीरंदाज थीं। उन्होंने कई युद्धों में अपनी सेना का नेतृत्व किया और हाथी पर सवार होकर वीरता के साथ लड़ीं।

## कल मिलेंगे

राहुल एक बार बीमार होने पर अकेले अस्पताल गया...
डाक्टर ने उसे सूई लगाई और कहा-
चिंता मत करो, तुम्हें लेने तुम्हारे घर वाले आते ही होंगे..
**राहुल**-लेकिन वो तो सालों पहले मर चुके हैं.
**डाक्टर**-मुझे पता है, तुम बस इंतजार करो.

**संजना भारती दैनिक**

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।
**RNI No. : DELHIN/2016/70240**
**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# क्या हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन

-डॉ. इंदिरा दाँगी
(लेखिका एक शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य हैं।)

समाज में बदलाव लाना है तो परिवार पर काम करना होगा क्योंकि अनेक समाजों-समूहों से प्रदेश और देश बनता है और कोई देश तभी श्रेष्ठ बन सकता है जब उसके नागरिक श्रेष्ठ हों। मानव पूंजी पर सबसे अधिक काम किए जाने की आवश्यकता है। बेटे संस्कारित होंगे तो समाज में अपराध घटेंगे और बेटियाँ संस्कारित होंगी तो वे अपराधों का शिकार होने से बचेगीं। बड़ों का सम्मान होगा तो समाज सुखी और सम्पन्न होगा। लोग दीघार्यु होंगे

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ एक शताब्दी पुराना एक ऐसा संगठन है जिसे देश सेवा, आपात स्थितियों में नागरिक-सहायता और सांस्कृतिक उत्थान के अगुआ के रूप में भारत क्या, विश्व के नागरिक जानते हैं। राष्ट्रीय का अर्थ हुआ जिसकी सीमा संपूर्ण राष्ट्र हो; लेकिन वास्तव में ये संगठन विश्व पटल पर अपने सेवा कार्य के कारण जाना जाता है। स्वयं सेवक का अर्थ हुआ जो बिना किसी अपेक्षा या लाभ के सेवा करता है जैसे कि संगठन में कुछ लोग अपना पूरा जीवन समर्पित करने आते हैं तो कुछ अपनी व्यस्त जीवन शैली में से कुछ समय सेवा कार्य में देते हैं जिसे Pay back to society कह सकते हैं। संघ शब्द का अर्थ हुआ सभा। इस प्रकार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अर्थ हुआ हमारे राष्ट्र की जातीय अस्मिता की पहचान या उत्थान और सनातन धर्म की अंतरराष्ट्रीय पहचान/महत्व के लिए काम करने वाला संगठन। अपनी स्थापना की पिछली एक शती में आरएसएस ने कहीं दुर्गम पहाड़ों में रहकर धर्मांतरण से भोले मूल निवासियों को बचाया...तो कहीं दंगों में जनता की रक्षा की, ...बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए, ...कहीं तूफान में फंसे लोगों तक चिकित्सा और भोजन पहुंचाया। इसी तारतम्य में शताब्दी वर्ष में संगठन ने पंच परिवर्तन से हर गाँव, हर बस्ती, हर घर तक जन के गुणवत्तापूर्ण जीवन पर काम करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ये पंच परिवर्तन हैं :

1. स्व धारित जीवन शैली
2. पर्यावरण संरक्षण
3. सामाजिक समरसता
4. कुटुंब प्रबोधन
5. नागरिक कर्तव्य

**1. स्व धारित जीवन शैली:** अपनी स्कूली किताबों में हम स्वाधीनता और इंडिपेंडेंस का अंतर पढ़ते थे। इंडिपेंडेंट वो जिस पर किसी का नियंत्रण न हो, स्वाधीन वो जो स्वयं के अधीन हो। यही स्वयं के अधीन स्व धारित जीवन शैली का मूल है। वास्तव में भारतीय जीवन शैली स्वयं के अधीन जीवन शैली है। एक गाँव की कल्पना कीजिए जहाँ मिट्टी के बर्तन बनाने वाला कुम्हार है, जूते बनाने वाला मोची है, बाँस के सूप और टोकरियाँ बनाने वाला बाँसोर है, विभिन्न अन्न बेचने वाला किसान और उन्हें पीसने को चक्की वाला है। एक आत्म निर्भर संरचना जो बाहर से खरीदने को कम-कम निर्भर है। जहाँ बच्चों को अकादमिक शिक्षा के अलावा हुनर सीखने के भी अवसर हैं।... आप स्वयं ही सोचिए, Nine to five जॉब के योग्य बनने के लिए ही तो अंकों की इतनी प्रतिस्पर्धा है बच्चों में। रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाना ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी लक्ष्य है, पंच परिवर्तन का भी। स्थानीय कुटीर उद्योगों का तंत्र जब अपने होने में सफल होता है ...तो न सिर्फ पलायन रुकता है ...बल्कि स्थानीय बोलियाँ भी मरने से बच जाती हैं ...और बच जाते हैं वे बच्चे भी जो किताबी पढ़ाई में असफलता के कारण सैकड़ों की संख्या में हर वर्ष आत्महत्या कर लेते हैं! जिसे क्वालिटी ऑफ लाइफ कहा जाता है, उसी को जन के जीवन में उतारना यहाँ लक्ष्य है। एक प्रसंग याद आता है। ब्रिटेन में रहने वाली मेरी एक सहेली ने एक बार मुझे कुछ चित्र भेजे। उसके पति को वहाँ की नागरिकता मिल गई थी; और दंपति बेहद प्रसन्न थे। चित्र में दिख रहा था कि वे महाशय घुटनों पर झुककर ब्रिटेन की महारानी के फोटो के सामने शपथ ले चुके थे कि वे उनके प्रति वफादार रहेंगे। इसके बाद घुटनों पर झुके उस भारतीय को एक ब्रिटिश अधिकारी ने नागरिकता का कागज दिया। ...चित्र देख, मैं दुख से सोचती हूँ, उस प्रतिभाशाली नौजवान के लिए अपने देश में, स्वदेश में क्या कम अवसर रहे होंगे रोजगार के? व्यापार के? मुझे गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' की कविता याद आती है,

जिसकी मिट्टी में उगे बढ़े,
पाया जिसमें दाना-पानी।
है माता-पिता बंधु जिसमें,
हम हैं जिसके राजा-रानी॥
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं॥

**2. पर्यावरण संरक्षण: माता भूमि: पुत्रो अहं पृथिव्या:** (भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ।) मानने वाला यह देश सदा ही अपनी नदियों, वनों और पहाड़ों को पूजता रहा है। आज पर्यावरण के जिस वैश्विक संकट से संसार पीड़ित है, उसका हल भी यही जीवन शैली पुनः अपनाना है जिसमें हम विश्व प्रकृति से अपनी आवश्यकतानुसार न्यूनतम लेते हैं और बदले में अपनी कृतज्ञता भी ज्ञापित करते हैं, पेड़ लगाकर, उनका संरक्षण कर, नदियों को स्वच्छ रखकर और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाकर। मैं अपने विद्यार्थियों से कभी कक्षा में पूछती हूँ, आप प्रकृति से सब कुछ लेते हैं; कभी सोचा है पलटकर देते क्या है ? क्या आप पढ़े लिखे मोनस्टर हैं जो जीवन भर नेचर मदर को लूटने के लिए जन्मे हैं ? ...बात कुल इतनी-सी है कि अपने आप को धरती की, प्रकृति की संतान मानते ही जीवन दृष्टि ही बदल जाती है। तब पेड़, जंगल, नदी, पहाड़ और पशु-पक्षी हमारे सहोदर और सहोदरायें बन जाते हैं। एक विराट कुटुंब के सदस्य होकर हम अपना भी, और दूसरों का भी जीवन श्रेष्ठ बनाते हैं। प्रसन्न, स्वस्थ और दीघार्यु होने का रहस्य भी यही है।

**3. सामाजिक समरसता:** भिन्नता ही योग्यता है। और इस भिन्नता का सम्मान सदैव हमारी संस्कृति में रहा है। वास्तव में दूसरे की भिन्नता यानि अलग होने को स्वीकार करने से ही समाज में सौहार्द, शांति और समन्वय संभव है। यहाँ समानता और समरसता की अवधारणाओं के अंतर को समझना आवश्यक है। समानता की अवधारणा कहती है कि सभी को समान अवसर और संसाधन हों। समरसता कहती है कि लोग की आवश्यकताओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अवसर और संसाधन हों। समरसता हमारे देश की परिस्थितियों में बहुत व्यवहारिक आवश्यकता है। सीता त्रिजटा को माता कहती हैं तो यह समरसता है। ...राम शबरी के झूठे बेर खाते हैं, यह समरसता है।...कोल-किरात राम का साथ पाते हैं, तो यह समरसता है। समरस शब्द का तिब्बती में अर्थ होता है रोग्यांग जिसका अर्थ होता है -एक समान स्वाद। जैसे परिवार में सब विशिष्ट और भिन्न होते हुए भी एक हैं; ऐसे ही समाज में सब एक-दूसरे के लिए सम-रस रहें, इसकी आज के इस समय में और सदैव ही नितांत आवश्यकता है।

**4. कुटुंब प्रबोधन:** एक संस्कार से अपनी बात शुरू करना चाहूँगी। पुंसवन संस्कार स्वस्थ संतान की प्राप्ति की कामना है और गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह संस्कार, यह व्यवस्था समाज को और देश को श्रेष्ठ और प्रतिभाशाली नागरिक देने के लिए है। माँ के आचारझविचार का प्रभाव होने वाले शिशु पर पड़ता है। शिशु परिवार का हिस्सा बनता है। परिवार कुटुंब का हिस्सा है और कुटुंब समाज का अतः एक-एक शिशु को संस्कारित करने की आवश्यकता है। सोचिये, जब गर्भस्थ शिशु पर माँ के आचार-विचार का प्रभाव पड़ने की इतनी चिंता हमारे पूर्वजों को रही थी, तो जन्म लेने के बाद पूरी परवरिश का कितना महत्व है !! बच्चा अपने परिवार से जो सीखता है, वही बर्ताव वह समाज में करता है। ...आज हम सड़कों पर इतने विक्षिप्तों को देखते हैं, ...परिवारों में होने वाले अपराधों में बार-बार साइको शब्द सुनाई देता है, ...समाज में कितने ही लोग आत्महत्या कर लेते हैं और कोई उनकी पीड़ा समझ भी नहीं पाता। इन सब सामाजिक समस्याओं के मूल में परिवार नाम इकाई की टूटन है। माइक्रो परिवारों के इस दौर में माता-पिता दोनों व्यस्त हैं, कुछ काम में, कुछ अपने मोबाइल में; और बच्चों को बताने वाला कोई नहीं कि हमारी बोली, संस्कृति, संस्कार, रीति-रिवाज, पुरखे और मान्यतायें क्या हैं।

समाज में बदलाव लाना है तो परिवार पर काम करना होगा क्योंकि अनेक समाजों-समूहों से प्रदेश और देश बनता है और कोई देश तभी श्रेष्ठ बन सकता है जब उसके नागरिक श्रेष्ठ हों। मानव पूंजी पर सबसे अधिक काम किए जाने की आवश्यकता है। बेटे संस्कारित होंगे तो समाज में अपराध घटेंगे और बेटियाँ संस्कारित होंगी तो वे अपराधों का शिकार होने से बचेगीं। बड़ों का सम्मान होगा तो समाज सुखी और सम्पन्न होगा। लोग दीघार्यु होंगे। देश नए-नए प्रयोग, नवाचारों, उपलब्धियों से सम्पन्न होगा और विश्व की प्रगति में योगदान देगा। ...पूरे विश्व की प्रगति के लिए अपने एक-एक शिशु को संस्कारित करने पर परिवारों को काम करना होगा। यही कुटुंब प्रबोधन है।

**5. नागरिक कर्तव्य:** किस देश को इसकी आवश्यकता नहीं? नियम तो बहुत हैं जो सरकार ने बनाए हैं, कानून ने बनाए हैं, समाज ने अपने सहज लोक बोध से बनाए हैं लेकिन उनका पालन कितने नागरिक करते हैं? कितने लोगों में नागरिक बोध है? मतदान हमारा अत्यंत आवश्यक कर्तव्य हैं लेकिन कितने अधिक नागरिक यह कर्तव्य नहीं निभाते हैं यह चुनाव के बाद, आँकड़ों से पता चलता है। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है...पर्यावरण की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है...स्वच्छता बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। ऐसे न जाने कितने ही कर्तव्य हैं जिन्हें हम जानते तो हैं लेकिन मानते नहीं। एक उदाहरण बताती हूँ। हाईवे पर मैं सदा ही देखती हूँ कि जो कट पॉइंट बने होते हैं, वहाँ लोग आम तौर पर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते। कई एक दुपहिया चालक ऐसे होते हैं जिनके वाहन में न तो साइड-व्यू मिरर होते हैं और न ही सिर पर हेलमेट। तीन से लेकर पाँच और छह तक सवारियाँ एक दुपहिया पर दिखना आम है। इससे दुर्घटनायें होती हैं और सैकड़ों-हजारों मनुष्यों की अकाल मृत्यु होती है; फिर भी बहुत लोगों में नागरिक बोध नहीं जागता। वे नागरिक कर्तव्य जिन्हें हम पहले से जानते हैं लेकिन निभाते नहीं, उन्हीं पर काम करने की आवश्यकता है।

इस तरह संघ के ये पंच परिवर्तन स्व धारित जीवन शैली, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य समाज के आचरण में सुधार लाने, जन का जीवन गुणवत्तापूर्ण बनाने और देश की प्रगति को और और गति देने का प्रयास है। ये वे पंच प्रण हैं जो भारत ही नहीं वर-विश्व के किसी भी राष्ट्र के आचरण में आ जाएं तो उसकी अखंडता, प्रगति और सौहार्द की नींव तो दृढ़ करते ही हैं; जन का जीवन भी गुणवत्तापूर्ण बना देते हैं। गुणवत्ता पूर्ण जीवन का अर्थ है -स्वस्थ, समृद्ध, सफल, और दीघार्यु होना ! वेद यही तो हमें सिखलाते हैं...

सर्वे भवन्तु सुखिनः ...

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# पूरे देश के आवारा कुत्तों पर कार्रवाई क्यों नही?

-अशोक मधुप

23 अक्तूबर 2023 को देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक 49 साल के पराग पिछले हफ्ते अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। खुद को बचाने में वह फिसलकर गिर गए और उन्हें ब्रेन हेमरेज होने से निधन हो गया

**दिल्ली** एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली/ एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश दिये गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि 'एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि आठ हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। पीठ ने ये भी कहा कि 'एमसीडी/एनडीएमसी और दिल्ली एनसीआर के संबंधित प्राधिकरण दैनिक आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का रिकॉर्ड रखें और पकड़े जाने के बाद एक भी आवारा कुत्ता वापस छोड़ा नहीं जाना चाहिए और सभी को आश्रय स्थल में रखा जाए।' पीठ ने कहा कि अगर इस मामले में लापरवाही की गई तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे। अदालत ने कहा आवारा कुत्तों के बारे में शिकायत मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए और कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें वापस पुरानी जगह न छोड़ा जाए। अदालत ने कहा कि रेबीज की वैक्सीन की उपलब्धता भी चिंता का कारण है। अदालत ने वैक्सीन की उपलब्धता की भी पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नवजात, छोटे बच्चे किसी भी कीमत पर इन आवारा कुत्तों के शिकार नहीं बनने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि एक हफ्ते में हेल्पलाइन स्थापित की जाए, ताकि इस पर लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं को रिपोर्ट कर सकें। न्यायालय ने कहा कि 'आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में रखें, अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें'।

जस्टिस पारदीवाला ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि 'नसबंदी हो चुकी है या नहीं, सबसे पहली चीज है कि समाज आवारा कुत्तों से मुक्त होना चाहिए। एक भी आवारा कुत्ता शहर के किसी इलाके या बाहरी इलाकों में घूमते हुए नहीं पाया जाना चाहिए। हमने नोटिस किया है कि अगर कोई आवारा कुत्ता एक जगह से पकड़ा जाता है और उसकी नसबंदी करके उसे उसी जगह छोड़ दिया जाता है, ये बेहद बेतुका है और इसका कोई मतलब नहीं बनता। आवारा कुत्ते क्यों वापस उसी जगह छोड़े जाने चाहिए और किस लिए?' पीठ ने कहा कि हालात बेहद खराब हैं और इस मामले में तुरंत दखल दिए जाने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने भी अदालत से अपील की कि वे इस मामले में सख्ती से दखल दें ताकि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान हो सके। मेहता ने कहा कि नसबंदी से कुत्तों की सिर्फ संख्या बढ़नी रुकती है, लेकिन रेबीज का संक्रमण फैलाने की उनकी क्षमता कम नहीं होती।

सवाल यह है कि ये आदेश दिल्ली/एनसीआरके लिए ही क्यों हैं। देश में भी तो नागरिक रहते हैं। उनके लिए क्यों नही। आवारा कुत्तों का आंतक तो पूरे देश में है। देश में कुत्तों के काटने से औसतन प्रति वर्ष 29 हजार से ज्यादा व्यक्ति मरते हैं। यह तो संख्या वह है जो रिपोर्ट हो जाती है। गांव देहात के मामले से रिपोर्ट ही नही हो पाते। न वे खबरों की सुर्खियां बनते हैं।

उत्तर प्रदेश का बिजनौर बहुत छोटा जिला है। यहां हाल ही में 24 जुलाई की शाम थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव झाड़पुरा भागीजोत में खेत पर काम कर रहीं 65 वर्षीय वृद्धा को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच कर मार डाला। तीन अगस्त को हीमपुर दीपा के गांव गांगू नंगला में हिंसक कुत्ते ने हमला कर दो बच्चों सहित 10 लोगों को बुरी तरह से घायल कर डाला। छह जून 2025 को अफजलगढ़ में पांच साल की बच्ची यास्मीन को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर मार डाला. दरअसल, बच्ची मां के साथ दूध लेने गई थी और पीछे रह जाने पर बच्ची कुत्तों के हि लग गई।

23 अक्तूबर 2023 को देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक 49 साल के पराग पिछले हफ्ते अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। खुद को बचाने में वह फिसलकर गिर गए और उन्हें ब्रेन हेमरेज होने से निधन हो गया।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने पिछले साल संसद में हुए एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि 2019 में 72 लाख 77 हजार 523 कुत्तों के हमले रिपोर्ट हुए। वहीं साल 2020 में कुल 46 लाख 33 हजार 493 कुत्तों के हमलों रिपोर्ट हुए, जबकि साल 2021 में कुल 1701133 कुत्तों के काटने के मामले रिपोर्ट हुए। साल 2022, जुलाई तक भारतीय लोगों पर हुए कुत्तों के हमले की कुल संख्या स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, 14 लाख 50 हजार 666 थी। इन हमलों में कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। ये हमले आवारा और पालतू दोनों कुत्तों के हैं। इसके साथ ही इन हमलों के शिकार, बच्चे, बुजुर्ग और जवान तीनों हुए हैं।

साल 2018 में मेडिकल जर्नल लैंसेट में छापी इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में हर साल 20 हजार लोग रेबीज के कारण मरते हैं, इनमें से ज्यादातर रेबीज के मामले कुत्तों द्वारा इंसानों तक पहुंचे हैं।ऐसा नहीं है कि हर कुत्ते के काटने से आपको रेबीज हो सकता है, लेकिन ज्यादातर आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज का खतरा रहता है। कुत्तों के इन हमलों के सबसे ज्यादा शिकार छोटे बच्चे, महिलाएं और जवान होते हैं।

सुप्रीम कोर्ट को यह समझना होगा कि अवारा कुत्तों की परेशानी दिल्ली-एनसीआर में ही नहीं है, ये पूरे भारतवर्ष की समस्या है। देश के देहात के तो हडवार (मरे जानवर डालने के स्थान के पास) रहने वाले कुत्ते तो और भी ज्यादा खतरनाक होते हैं। ये महिलाएं, बीमार और बच्चों समेत अकेले आते जाते व्यक्ति को मारकर उसके मांस से अपना पेट भरतें हैं। आवारा कुत्तों की समस्या भारत व्यापी है। इसलिए इस मामले पर कार्रवाई भी देशव्यापी होनी चाहिए।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 6.3 रही तीव्रता

(एजेन्सी)।

12 अगस्त को शाम 5:24 बजे (0824 GMT) भूकंप के बाद पूर्वी इंडोनेशिया के पापुआ क्षेत्र में तेज झटके महसूस किए गए। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप की तीव्रता लगभग 6.3 थी और गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के बाद क्षेत्र में सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप का केंद्र पापुआ के अबेपुरा शहर से लगभग 193 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। इस क्षेत्र के आसपास के स्थानों, जिनमें पापुआ, इंडोनेशिया का जयापुरा; पापुआ न्यू गिनी के वनिमो और सैंडौन; दक्षिण पापुआ, इंडोनेशिया का अगात्स; और मध्य पापुआ, इंडोनेशिया का नबीरे शामिल हैं, में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

भूकंप के दौरान अधिकतम भू-वेग लगभग 20 सेंटीमीटर प्रति सेकंड था, जो यूएसजीएस की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार 'बहुत तेज झटकों' की श्रेणी में आता है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) के अनुसार, यह घटना पापुआ न्यू गिनी के न्यू ब्रिटेन क्षेत्र में 5.9 तीव्रता के एक और भूकंप के लगभग पाँच दिन बाद हुई है। ईएमएससी ने बताया कि भूकंप 58 किलोमीटर (36.04 मील) की गहराई पर था। पिछले महीने, पापुआ न्यू गिनी में भी इसी तरह के झटके महसूस किए गए थे, जब 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, भूकंप 106 किलोमीटर (66 मील) की गहराई पर था।

इससे पहले अप्रैल 2025 में, पापुआ न्यू गिनी के न्यू आयरलैंड प्रांत के तट पर 12 अप्रैल, शनिवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया था। यूएसजीएस वेबसाइट के अनुसार, अप्रैल में आया भूकंप कोकोपो शहर से लगभग 115 किमी दक्षिण-पूर्व में 72 किमी (44 मील) की गहराई पर आया था। पापुआ न्यू गिनी की प्रशांत महासागरीय अग्नि वलय से निकटता, जो दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशांत बेसिन तक फैली हुई है और जिसमें लगातार और तीव्र टेक्टोनिक गतिविधियां होती रहती हैं, इसे हर साल भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील बनाती है। यद्यपि इन आपदाओं से व्यापक पैमाने पर कोई बड़ी तबाही नहीं होती, लेकिन इनके कारण अक्सर भूकंप के बाद के झटके और भूस्खलन होते हैं, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

# त्योहारों के मौसम में रेलवे का नया राउंड ट्रिप पैकेज स्कीम

(एजेन्सी)।

**त्योहारों** के व्यस्त मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय रेलवे ने एक प्रायोगिक राउंड ट्रिप पैकेज शुरू किया है। राउंड ट्रिप पैकेज के तहत यात्रियों को वापसी यात्रा के मूल किराए पर 20% की छूट दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य दिवाली और छठ की छुट्टियों के दौरान भीड़ को नियंत्रित करना, बिना किसी परेशानी के बुकिंग सुनिश्चित करना और ट्रेनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है।

यह योजना यात्रियों को एक ही यात्रा के लिए आगे और वापसी दोनों टिकट बुक करने पर छूट प्रदान करती है। इस पैकेज की बुकिंग 14 अगस्त 2025 से शुरू होगी और आगे की यात्राएँ 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच शुरू होंगी। वापसी यात्रा 17 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 के बीच की यात्रा के लिए बुक की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि छूट वाले वापसी टिकटों पर सामान्य 60-दिन की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।

**पात्रता और शर्तें:** छूट केवल तभी लागू होती है जब आगे और वापसी दोनों टिकट एक ही यात्री, श्रेणी और मूल-गंतव्य जोड़ी के लिए एक साथ बुक किए गए हों।

पात्रता प्राप्त करने के लिए दोनों दिशाओं में टिकट कन्फर्म होने चाहिए।

20% छूट केवल वापसी यात्रा के मूल किराए पर दी जाती है।

यह योजना सभी श्रेणियों के लिए मान्य है और इसमें फ्लेक्सी किराया प्रणाली के तहत चलने वाली ट्रेनों को छोड़कर, विशेष ट्रेनें शामिल हैं। इस पैकेज के तहत बुक किए गए टिकटों में कोई संशोधन, रद्दीकरण या धनवापसी की अनुमति नहीं होगी। यात्री वापसी यात्रा में अतिरिक्त छूट, कूपन, वाउचर या पास का उपयोग नहीं कर सकते।

आगे और वापसी दोनों के टिकट एक ही माध्यम से बुक किए जाने चाहिए - या तो ऑनलाइन या आरक्षण काउंटर पर।

**योजना का उद्देश्य:** त्योहारों के मौसम में यात्री यातायात को लंबी अवधि तक पुनर्वितरित करना।

आगे और वापसी दोनों यात्राओं के लिए संतुलित मांग को प्रोत्साहित करके लोकप्रिय ट्रेनों में भीड़भाड़ से बचना। नियमित और विशेष ट्रेनों की उपयोगिता क्षमता में वृद्धि।

# खेल विधेयक के समर्थन में उतरीं पीटी उषा, कहा-गतिरोध होगा खत्म

**(एजेन्सी)।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा की मनोनीत सदस्य पीटी उषा ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को अपना स्पष्ट समर्थन देते हुए कहा कि ये दशकों से चली आ रही स्थिर यथास्थिति को समाप्त करने में सहायक होगा। इसके अलावा देश के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लएगा। बता दें कि, ये विधेय लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया। दरअसल, सोमवार को लोकसभा द्वारा पारित विधेयक पर चर्चा के दौरान उषा ने इसके प्रावधानों की सराहना की। जिसें राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना भी शामिल है। जिसके बाद खेल महासंघों को मान्यता देने का सर्वोच्च अधिकार होगा।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड जॉर्जीना से रचाई सगाई

(एजेन्सी)।

**दुनिया** के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने आखिरकार अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड रॉर्जिना रॉड्रिगेज के साथ सगाई रचा ली है। जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी है। जॉर्जिना ने अपने हाथ और रोनाल्डो के हाथ की तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि हां मैं आपसे प्यार करती हूं। इस जिंदगी और आने वाली हर जिंदगी में।

बता दें कि, रोनाल्डो और जॉर्जिना पिछले 9 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इनके रिश्ते की शुरूआत 2016 में एक ब्रॉड स्टोर में हुई थी। 2017 में इन दोनों ने अपने रिलेशनशिप को दुनिया के सामने रखा था। रोनाल्डो और जॉर्जिना के 4 बच्चे भी हैं उनके दो बच्चे एवा मारिया और मातेआ का जन्म साल 2017 में हुआ था। इसके बाद 2022 में जॉर्जिना ने बेला एस्मेराल्डा को जन्म दिया था। इसके अलावा रोनाल्डो का एक बेटा भी है। जिसका नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर है, जो 2010 में हुआ था। जॉर्जिना फिलहाल सभी बच्चों की देखभाल कर रही हैं।

जॉर्जिना एक डांसर हैं जिनका जन्म 27 जनवरी 1994 को अर्जेंटीना में हुआ था। मैड्रिड जाने से पहले स्पेन के जाका में उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। रोनाल्डो और जॉर्जिना ने काफी समय तक अपने रिश्ते को दुनिया से छुपाकर रखा था। हालांकि, जॉर्जिना एक मॉडल और इन्फ्लुएंसर के रूप में कई फैशन शो में नजर आई थी।

# महेश बाबू की 'राव बहादुर' का फर्स्ट लुक जारी, सत्यदेव का शाही अंदाज वायरल!

**(एजेन्सी)।** महेश बाबू की नवीनतम प्रोडक्शन कंपनी, सत्य देव अभिनीत, का फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी हो गया है, जिसमें उनका एक अनोखा रूप देखने को मिल रहा है। महेश बाबू द्वारा प्रस्तुत, वेंकटेश महा द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक अनोखे और पहले कभी न देखे गए रूप के साथ आने वाली है। फिल्म का निर्माण जीएमबी एंटरटेनमेंट, ए+एस मूवीज, श्रीचक्रास एंटरटेनमेंट्स, महायान मोशन पिक्चर्स द्वारा किया गया है! तेलुगु भाषा की इस फिल्म का लेखन, निर्देशन और संपादन वेंकटेश महा ने किया है। चिंता गोपालकृष्ण रेड्डी, अनुराग रेड्डी और शरत चंद्र द्वारा निर्मित। प्रसिद्ध अभिनेता सत्यदेव इस फिल्म में 'राव बहादुर' की भूमिका निभाते नजर आएंगे। दी गई जानकारी के अनुसार, यह फिल्म 2026 की गर्मियों में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। फर्स्ट लुक पोस्टर में, सत्यदेव एक बुजुर्ग लेकिन शाही अवतार में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने शाही पगड़ी, मोतियों का हार और उंगलियों में अंगूठियां पहनी हुई हैं। उनके कपड़ों पर मोर के पंख और बेल के डिजाइन हैं। खास बात यह है कि पोस्टर में बच्चों के खेलते हुए छोटे-छोटे चित्र भी हैं।

# स्वामी विवेकानन्द प्रवास स्थल राष्ट्रीय स्मारक घोषित हो-आशुतोष सिन्हा

## विवेकानंद प्रवास स्थल बचाने को विधान परिषद में आशुतोष सिन्हा ने उठाई आवाज

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** एलटी कालेज स्थित विवेकानंद प्रवास स्थल को बचाने को लेकर अधिवक्ता प्रधानमंत्री और काशी के सांसद के काशी के आगमन के पहले डी एम पोर्टिको पर धरना पर बैठने की गुंज मोदीजी के कानो तक भले ना पहुंची हो लेकिन विपक्ष के विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा तक जरूर पहुंच गयी जिसका परिणाम यह हुआ कि विवेकानंद प्रवास स्थल का मुद्दा विधान परिषद में उठा, सभापति ने मुद्दे को सरकार को सन्दर्भित किया है बनारस बार के पुर्व महामंत्री नित्यानंद राय व स्थानिय अधिवक्ता विनोद पांडे भैयाजी इस मुद्दे को लेकर पिछ्ले दस सालों से आंदोलनरत है और आशुतोष सिन्हा को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने अधिवक्ताओ की मांग को दोहराते हुये विधान परिषद में कहा कि जब स्वामी विवेकानंद मात्र तीन दिन कन्याकुमारी में प्रवास किये और वहां इतना बडा स्मारक बन सकता है तो यहां



एमएलसी आशुतोष सिन्हा।

तो स्वामीजी 35दिन प्रवास किये है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते मोदीजी ने गुजरात में जहां जहां स्वामीजी प्रवास किये थे वहां वहां मेमोरियल बन गया लेकिन काशी सासंद बने ग्यारह साल से ऊपर हो गया लेकिन अभी तक मेमोरियल की शुरूआत नहीं हो सकी।

बता दें स्वामी विवेकानंद अपने स्वर्गारोहण से मात्र चार महीने पहले स्वास्थ्य लाभ के लिए काशी आये थे और टैगोर परिवार की सम्पत्ति रही गोपाल लाल विला जो अर्दली बाजार में स्थित है में 35दिन रहकर स्वास्थ्य लाभ किया था। यह भवन आज की तारिख में जर्जर हो चुका है इस जगह को पुरातत्व विभाग को सौंपने व खाली जमीन पर विवेकानंद मेमोरियल बनाने की मांग को लेकर बनारस बार के पुर्व महामंत्री नित्यानंद राय व विनोद पांडे भैयाजी बिगुल फुंके हुये है जिसकी गुंज आज विधान परिषद में सुनाई दी।

# मुख्यमंत्री ने 125 यूनिट बिजली फ्री पर किया सीधा जनसंवाद

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मृगांक शिखर सिंह**

**जमुई।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में हर महीने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने को लेकर मंगलवार को घरेलू उपभोक्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने नालंदा से लीला कुमारी, सुपौल से कोमल कुमारी और गया जिले की रहने वाली महिला नूर जहां खातून से बातचीत की और उनकी राय जानी। राज्य के 16 लाख लोग इस ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। नालंदा से लीला कुमारी ने कहाः "मुख्यमंत्री जी को प्रणाम। आपकी वजह से हम लोगों को बिजली मिल रही है। आपने जो 125 यूनिट फ्री किया है तो उस पैसे से मैं बच्चों को पढ़ाऊंगी और घरेलू काम में लगाऊंगी। मैं इसके लिए तहे दिल से धन्यवाद देती हूं।"

वहीं गयाजी जिले से नूर जहां खातून ने कहा कि पिछले माह से जो 125 यूनिट फ्री किया है तो मेरा भी बिजली बिल जीरो आया है। इसके लिए हम लोग 400-500 रुपये देते थे , वह अब बचेगा। बच्चों को उससे पढ़ा सकेंगे। यहां आने पर और लोगों ने भी बताया कि उनका भी बिल जीरो आया है। मैं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद करती हूं। सुपौल से कोमल कुमारी ने कहा कि "मुख्यमंत्री जी को मेरा प्रणाम। मैं 125 यूनिट बिजली मुफ्त करने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। जो पैसा उससे बचेगा उस रुपये को मैं अपनी बेटी के खाते में जमा





करूंगी।" वहीं इन महिलाओं की बात सनुकर नीतीश कुमार ने कहा कि "मुझे इस संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर खुशी हो रही है। आप जानते ही हैं कि राज्य सरकार ने लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का निर्णय लिया है। इसे लागू भी कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं में काफी खुशी है। अब आप लोग तो जानते ही हैं कि 2005 से पहले कोई काम नहीं होता था। बिजली की क्या हालत थी , सब जगह बुरा हाल था। राजधानी पटना में 07-08 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं रहती थी।"

सीएम ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को हमलोगों की सरकार बनने के बाद बिजली के क्षेत्र में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर काम शुरू किया गया। ऊर्जा विभाग का बजट बढ़ाया गया। इसके बाद राज्य के सभी गांवों में और टोलों में बिजली पहुंचाई गई। हम लोग तो शुरू से सभी लोगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराते रहे हैं। बिजली खरीदने में सरकार का काफी ज्यादा पैसा खर्च होता है। लेकिन लोगों को लागत से काफी कम देना पड़ता है। लोगों के हित में अब यह तय कर दिया गया कि जुलाई माह के बिल से राज्य के लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली मुफ्त दी जाएगी।" वहीं इस मौके पर सम्राट चौधरी ने कहा कोट "दूसरे राज्यों में अगर 125 यूनिट फ्री बिजली है और यदि 126 यूनिट आ गया तो पूरा पैसा देना होता है। लेकिन बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 100 फीसद सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। आगे भी जो बिल होगा उसमें भी हम लोग सब्सिडी देते रहेंगे।" ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में बिजली के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार किए गए हैं। दर्जनों उप केंद्र बनाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान किया गया है। उन्होंने बिजली के क्षेत्र में पहल जारी रखे जाने की बात कही।

उधर मुख्यमंत्री के संवाद का अत्याधुनिक तकनीक से सीधा प्रसारण किया गया। जमुई स्थित श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम के मैदान पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में विधायक श्रेयसी सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी, डीएम श्री नवीन, डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल, एडीएम रविकांत सिन्हा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राम दुलार राम, डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार, एसडीएम सौरभ कुमार, डीटीओ मो. इरफान, ओएसडी नागमणि कुमार वर्मा, नजारत उप समाहर्ता भानू प्रकाश, बीजेपी जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद केशरी आदि ओहदेदारों ने अग्नि ज्योति प्रज्जविलत कर संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी, सीडीपीओ आभा कुमारी, लोजपा रामबिलास के जिलाध्यक्ष जीवन सिंह, गुड्डू यादव इस अवसर पर उपस्थित थे। विधायक श्रेयसी सिंह ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 125 यूनिट बिजली फ्री देकर ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। जिला पदाधिकारी श्री नवीन ने अभ्यागतों का हृदयतल से अभिनंदन किया वहीं पटना से चलकर आई नुक्कड़ नाटक की टीम ने 125 यूनिट बिजली फ्री के साथ मुख्यमंत्री की उपलब्धियों का गीत और शब्द के जरिए प्रदर्शन किया और खूब तालियां बटोरी। टीम की अगुआ अनीता कुमारी ने जीवंत कला के जरिए उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया।

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ई.कुमार गौरव पांडे, कार्यपालक अभियंता ई.संजीव गुप्ता, सहायक अभियंता ई.मिथलेश कुमार समेत तमाम पदस्थों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रिम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री का संवाद कार्यक्रम उत्साह और उमंग के माहौल में संपन्न हो गया।

# खुरपका मुंहपका बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान प्रारंभ

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** बदायूं के ब्लॉक सलारपुर में पशुओं को खुर पका मुंह पका बीमारी बचाव हेतु टीकाकरण प्रारंभ हो चुका है। यह अभियान कार्यक्रम 23.7.2025 से प्रारंभ हुआ है। इसी क्रम में ग्राम नौ शाना में टीकाकरण किया गया। ग्राम चिकित्सा अधिकारी सलारपुर डॉक्टर संजीव कुमार मुईयार ने बताया कि जनपद में इस तरह से ब्लॉक सलारपुर को 42500 टीका लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अभी तक 7300 टीके लगाये जा चुके हैं। सितंबर 2025 माह तक पूरे ब्लॉक में टीका करण पूर्ण कर लिया जाएगा यह टीका



पशुपालक के घर पर जाकर निशुल्क लगाया जा रहा है। इस वास्ते चार टीमें कार्य कर रही हैं। पशुपालक से अनुरोध किया गया है कि अपने पशुओं को टीका अवश्य लगायें-डॉ संजीव कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी सलारपुर।

# पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरीः वीरेंद्र बढ़खालसा

## जमीनी पत्रकारों को भी मिले सभी सरकारी सुविधाएंः संजय राठी

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, पंचकूला में मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी विरेंद्र कुमार बढ़खालसा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी ने की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी विरेंद्र कुमार बढ़खालसा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज के सशक्त प्रहरी हैं और उनकी भूमिका लोकतंत्र की मजबूती में बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि सच्चे पत्रकारों की कलम बोलती है। पत्रकार समाज का आईना होते हैं। उन्हें सच्चाई उजागर करनी चाहिए ताकि उनकी विश्वसनीय बनी रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स का उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट कर उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि काउंसिल न केवल पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ेगी, बल्कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी सक्रिय भूमिका निभाएगी। उन्होंने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को एकजुट होकर काउंसिल के उद्देश्यों को आगे



बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक ललित शर्मा ने कहा कि मीडिया को जनहित से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव भी सभी को सुनाए। वरिष्ठ पत्रकार धर्मपाल धनखड़ ने कहा कि मीडिया में ट्रेड यूनियन की अवधारणा अब प्रासंगिक नहीं रह गई है। राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी मनोज गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में मीडिया संगठनों की महत्ता और भी बढ़ गई है। हम सभी को मिलजुल कर संगठनों की भूमिका को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि काउंसिल आने वाले समय में पत्रकारों के प्रशिक्षण और कल्याण के लिए विशेष योजनाएं शुरू करेगी। समाचार क्यारी समूह संपादक राजेश शर्मा ने मीडिया संगठनों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सर्वखाप पत्रिका के संपादक तथा सामाजिक कार्यकर्ता नेपाल सिंह सहारावत ने कहा कि मीडिया को समाज की जमीनी सच्चाइयों को सामने लाने में अपनी भूमिका और अधिक सशक्त बनानी चाहिए। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी मनोज गोयल गुडियानिया ने सभी का स्वागत किया। कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नीरज गुप्ता को राष्ट्रीय महामंत्री संगठन, अजेश कुमार को दिल्ली प्रदेश संयोजक, आर जी रायकोटी को पंजाब प्रदेश संयोजक, मफतलाल अग्रवाल को उत्तर प्रदेश संयोजक, कासिम खान को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष, रश्मि बाल्यान को राष्ट्रीय महिला संयोजिका, राजेश राठौड़ को हिमाचल प्रदेश सहसंयोजक, प्रीति यमुनानगर को महिला सहसंयोजिका हरियाणा मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री संगठन नीरज गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के सफल आयोजन के लिए आयोजक हरियाणा टीम को बधाई दी।

इस अवसर पर रोहतक के वरिष्ठ पत्रकार दीपक खोखर के पिता मास्टर रामधारी सिंह खोखर, सुदर्शन सैनी के पिता राजकुमार सैनी, करनाल से राजीव ठाकुर के पिता सतपाल ठाकुर, भारत ढिल्लो के पिता रूपचंद एवं फिरोजपुर झिरका से पत्रकार मुकेश गोयल के निधन पर दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में यूएई से नेपाल सिंह शहरावत, हिमाचल से शांतिगौतम, दिल्ली से वीरेंद्र सैनी, उत्तर प्रदेश से सुरेश उपमन्यु, पंचकूला से अनिल आर्य, चंडीगढ़ से विजेश कुमार, राजस्थान से घनश्याम एस बाघी, योगेश जोशी, शिवकुमार शर्मा, यमुनानगर से राकेश भारतीय, नवाब खान, रामकिशन, सुनील शर्मा, राजेश, रविंद्र चौहान, करनाल से राजेश भारतीय, राजीव ठाकुर, गुरुग्राम से सोमवीर सिंह सहित आठ राज्यों के अनेकों पत्रकारों ने भागीदारी की।

# मंसूरचक थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

**एसबी संवाददाता**

**मंसूरचक/बेगूसराय।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मेला व चेहलूम को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता नवनियुक्त थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय ने की। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों से त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने हेतु सहयोग की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी एक पावन पर्व है। उन्होंने क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जन से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में बीडीओ सुभाष कुमार, सीओ सुजीत कुमार, इंस्पेक्टर संतोष कुमार, उपप्रमुख रंजीत कुमार सिंह,



विन्देश्वरी महतो, अरमान कुरैशी, आलोक मिश्रा सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# हंगामादार हुई प्रखंड पंचायत समिति की बैठक

**एसबी संवाददाता**

**मंसूरचक/बेगूसराय।** पंचायत समिति की बैठक प्रखंड पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख जलस देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक शुरू होते ही मनरेगा योजना में हो रही लापरवाही पर सभी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। कहा कि मनरेगा में हो रही गड़बड़ी की जांच अविलंब हो। दूसरी तरफ समसा दो पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मो.इजहार अंसारी ने कहा कि जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तो हर पंचायत को जिम्मा दे दिया गया हैं, लेकिन उसे इतना जटिल कर दिया गया हैं कि रोज व रोज लाभार्थी पंचायत भवन पर पहुंच कर सर पिटने लगते हैं।

इजहार अंसारी ने पेंशन योजना, बीपीएल सूची,मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना पर विस्तृत ढंग से अपनी बातों को रखा। गोविंदपुर दो पंचायत के मुखिया राममूर्ति चौधरी भी मनरेगा के पदाधिकारी पर जमकर बरसे। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुभाष कुमार, अंचलाधिकारी सुजीत कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार राय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य प्रबंधक सौरभ सुमन, मुखिया दिनेश कुमार राय, यासमीन खातून,हीरा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य चन्दहांस सिंह, मुखिया धर्मवीर सिंह कुंदन, पंसस रौशन लाल, मनरेगा पीओ इन्द्रमोहन सहित अन्य सदस्य, पदाधिकारी उपस्थित थे

# उपायुक्त उत्तम सिंह का स्मार्ट सिटी के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का दौरा

## कार्य में तेजी लाने, समय पर पूरा न करने पर जुर्माने के निर्देश

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने आज स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स की प्रगति का जायजा लिया और इन्हें समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो एजेंसी समय पर निर्माण कार्य पूरा न करे उस पर जुर्माना लगाया जाए। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने सबसे पहले सेक्टर 32 में बनाए गए वृद्धाश्रम का दौरा किया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की वृद्धाश्रम को जल्द समाज कल्याण विभाग के हवाले किया जाए और जरूरतमंदों की पहचान कर उन्हें इसमें उपलब्ध सुविधाओं का लाभ दिया जाए। इसके निर्माण पर 10.10 करोड़ से अधिक की लागत आई है। इसमें 43 कमरे, 8 डोरमेटरी बनाई गई हैं। वृद्धाश्रम में 128 लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। श्री सिंह ने सेक्टर



32 में निमार्णाधीन सामुदायिक केंद्र का भी दौरा किया और कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने की निर्देश देते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य करा रही ऐजेंसी निर्धारित समय पर कार्य पूरा न करे तो उस पर जुर्माना लगाया जाए। इसके बाद उन्होंने सेक्टर 33 में कम्युनिटी सेंटर, बेडमिंटन हाल, वॉलीबॉल कोर्ट और डिजिटल लाइब्रेरी का दौरा किया। इनका कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

उपायुक्त ने फाइनल फिनीशिंग के कार्य को जल्द पूरा करने और लोगों को दी जाने वाली सुविधाएं जल्द मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इनके निर्माण पर 13.15 करोड़ से अधिक की लागत आई है। कम्युनिटी हॉल में 500 लोगों के बैठने की क्षमता है। लाइब्रेरी भवन के भूतल पर आडियो विजुअल कक्ष, कांफ्रेंस कक्ष, डिजीटल लाइब्रेरी, कैफेटेरिया की व्यवस्था की गई है।

इसके बाद उपायुक्त ने शहर में बन रहे एलिवेटिड ब्रिज के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। ऐलिवेटिड ब्रिज का प्रोजेक्ट 128 करोड़ से अधिक का है। हिदायत दी कि कार्य को जल्द पूरा किया जाए ताकि लोगों को इस ब्रिज का फायदा हो सके। निर्माण कार्य जुलाई 2026 तक पूरा किया जाना है। उन्होंने पुरानी अनाज मंडी में नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे करीब 31 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे वाणिज्यिक स्थल की प्रगति का जायजा लिया। अभी तक इसका निर्माण कार्य 50 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। यहां दो बेसमेंट पार्किंग फ्लोर, भूतल व प्रथम तल पर 34-34 दुकानें, दूसरी मंजिल पर दस फूड कोर्ट, दो रेस्टोरेंट व तीसरी मंजिल पर गेम जोन बनाया जाएगा। यहां भी कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे उक्त प्रोजेक्ट्स का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। निर्माण के कारण लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

इस मौके पर उनके साथ स्मार्ट सिटी के जीएम रामफल, एचएसवीपी के एसई धर्मबीर, नगर निगम के एमई व जेई भी मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा करेंगे ध्वजारोहण, प्रशासन की तैयारियां पूरी : उत्तम सिंह

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि 79 वें स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह 15 अगस्त को यहां नई अनाज मंडी में भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ध्वजारोहण और परेड का निरीक्षण करेंगे। इससे पहले वे शहर के कर्ण पार्क के निकट जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय के परिसर में बने वॉर मेमोरियल स्थल पर अमर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल कल आयोजित की जाएगी।



उपायुक्त ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्रीय पर्व है, जिला प्रशासन द्वारा समारोह की गरिमा को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे किए गए हैं। समारोह स्थल की भव्य ढंग से साज सज्जा की गई है तथा दर्शकों के लिए स्वच्छ पेयजल, शौचालय आदि का समुचित प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सामूहिक मास पीटी का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

गुरुकुल नीलोखेड़ी के बच्चों का मलखम्ब तथा पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा, डी.ए.वी स्कूल पुलिस लाईन, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, डी.ए.वी. मधूबन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न राजकीय स्कूलों की छात्राओं का हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समारोह में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जिला में उपमंडल स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा।

# युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** थाना राजौंद क्षेत्र अंतर्गत एक युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में महिला थाना कैथल एसएचओ एसआई वीना की टीम द्वारा जांच करते हुए आरोपी राजौंद निवासी मोहन उर्फ मोनु को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजौंद निवासी एक व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसकी 19 वर्षीय पुत्री बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। जो राजौंद निवासी मोनू व शुभम उसकी पुत्री को काफी समय से तंग व परेशान कर रहे थे। जो उनसे तंग आकर 13 अगस्त 2024 को उसकी पुत्री ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस बारे थाना राजौंद में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**आवश्यक सूचना**

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: 9871221635**

# आत्मनिर्भर भारत के लिए समर्पित हों युवाः डॉ. चौहान


**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंटर्न्स के एक माह लंबे इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ.वीरेंद्र सिंह चौहान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इंटर्नशिप के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, "इंटर्नशिप केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि जीवन के बड़े विद्यालय में प्रवेश है। यह आपको किताबों से बाहर निकालकर वास्तविक जीवन के अनुभव सिखाती है।" उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के अनुभव छात्रों को न केवल नौकरी के लिए तैयार करते हैं, बल्कि उन्हें समाज में बदलाव के वाहक भी बनाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान नई शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह नीति युवाओं में नवाचार, उद्यमिता और बहुआयामी कौशल विकसित करने पर केंद्रित है। "नई शिक्षा नीति हमें एक ऐसे भारत की ओर ले जा रहा है, जो न केवल आत्मनिर्भर है बल्कि ज्ञान और तकनीक में भी अग्रणी होगा। अंत में उन्होंने इंटर्न्स को प्रेरित करते हुए आह्वान किया, "आपका ज्ञान और ऊर्जा देश की अमूल्य पूंजी है। इसे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में लगाइए। आप में से हर कोई अपने क्षेत्र का एक चेंज मेकर बन सकता है।"

इस अवसर पर इंटर्न्स ने भी अपने अनुभव साझा किए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्रा संजना ने कहा, "इस इंटर्नशिप ने हमें गाँवों की असल चुनौतियाँ और समाधान दोनों दिखाए। यह अनुभव किताबों से कहीं ज्यादा सिखाने वाला है।" एक अन्य इंटर्न मुस्कान ने बताया, "मैं अब समझ पाया हूँ कि ग्रामीण विकास में तकनीक और जागरूकता का कितना बड़ा योगदान है।"

कार्यक्रम में संस्थान के सहायक प्रोफेसर सुशील मेहता, संदीप भारद्वाज तथा कमलदीप सांगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह का



समापन सभी इंटर्न्स को इंटर्नशिप प्रमाणपत्र प्रदान करने के साथ हुआ।

# सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के मीडियाकर्मियों को संसदीय कार्यप्रणाली का अवलोकन करने के लिए किया आमंत्रित

## ■ जनता तक सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाना उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी: सांसद नवीन जिंदल



**संजना भारती संवाददाता**

**राजौंद/कैथल।** कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिंदल जनता के हरदिल अजीज नेता हैं। उनकी टीम संसदीय क्षेत्र में हेल्थ चेकअप कैम्प, निःशुल्क दवाइयां, पात्र नागरिकों की फैमिली आईडी आदि कागजातों की त्रुटी दूर करना, मेधावी गरीब विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलवाने में प्रयासरत रही है। समय-समय पर नवीन जिंदल फाउंडेशन ने बुजुर्गों की आंखों के निःशुल्क आपरेशन दवाई, चश्मा वितरित कर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया है। हर किसी नेता के भाग्य में यह परोपकार करना व जनता का आशीर्वाद लेना नहीं होता।

लोकप्रिय सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के मीडियाकर्मियों को दिल्ली में लोकतंत्र के मंदिर संसदीय कार्यप्रणाली का अवलोकन करने के लिए सोमवार, 11 अगस्त को आमंत्रित किया। राजौंद, कलायत, चीका, कैथल, पूंडरी, ढांडा, कुरुक्षेत्र के लगभग 100 मीडिया कमीर्यों, समाजसेवियों ने देश की राजधानी नई दिल्ली में संसदीय कार्यवाही प्रत्यक्ष रूप से देखी व समझीं। राजौंद मीडिया कर्मियों में निर्मल कुमार, नरेश कुमार, रामभज ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के अन्य मीडिया कर्मियों, समाजसेवियों के साथ सांसद नवीन जिंदल के निमंत्रण पर देश की राजधानी दिल्ली में संसदीय कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि लोकतंत्र में संसद की भूमिका सर्वोच्च होती है। यहां होने वाली चर्चाएं व निर्णय देश की दिशा तय करते हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने सोमवार को जिला कैथल व कुरुक्षेत्र के लगभग सौ पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों को संसद भवन का भ्रमण करवाया, ताकि वे नजदीक से संसदीय कार्यवाही को देख व समझ सकें। मीडिया कमीर्यों के प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा का दौरा कर प्रत्यक्ष रूप से प्रश्नकाल, शून्यकाल और विभिन्न विधेयकों पर हो रही चचाओं का अवलोकन किया।

सांसद जिंदल ने विस्तार से बताया कि किस तरह विधायी प्रक्रियाएं संचालित होती हैं, कानून बनाए जाते हैं और सरकार व विपक्ष के बीच बहस होती है।

**■ राजौंद मीडिया कर्मियों ने सांसद नवीन जिंदल का किया धन्यवाद**

**■ राजौंद, कलायत, चीका, कैथल, पूंडरी, ढांड, कुरुक्षेत्र के लगभग 100 मीडियाकर्मियों, समाजसेवी ने संसदीय कार्यप्रणाली प्रत्यक्ष रूप से देखी**

उन्होंने कहा कि संसद के अंदर की बहस केवल विचारों के आदान-प्रदान तक नहीं, अपितु लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने का माध्यम हैं। उन्होंने पत्रकारों के साथ अपने द्वारा संसद में उठाए गए प्रश्नों और मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान जिंदल ने गंगा मैया और यमुना मैया के बढ़ते प्रदूषण के मुद्दे पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने संसद में इसके निवारण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इन पवित्र नदियों का संरक्षण केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर की रक्षा से भी जुड़ा है।

सांसद जिंदल ने कहा कि पारदर्शिता और जनसंपर्क को मजबूत करना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। यदि जनता तक सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचेगी, तो लोकतंत्र और सशक्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आम लोगों, विशेषकर मीडिया के माध्यम से, संसदीय कार्यवाही की गहराई को समझने और उसे सही रूप में जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

सांसद जिंदल ने सभी अतिथियों को अपने न्यू मोती बाग स्थित निवास पर आमंत्रित किया, जहां उन्होंने सभी के साथ भोजन व जलपान किया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुभव ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

समाजसेवी, हरदिल अजीज सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास में यकीन करते हैं। राजौंद के समाजसेवी सतविंदर राणा उर्फ काका राणा ने कहा की सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल जी सहृदय, राष्ट्र भक्त, मधुरभाषी, सच्चे, वायदा निभाने वाले साफ छवि के नेता हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता इंतजार कर रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब उनके लोकप्रिय नेता नवीन जिंदल को कैबिनेट मंत्री के रूप में देश की सेवा करने का अवसर देंगे। राजौंद मीडिया ने दिल्ली ससंद भवन भ्रमण के लिए सांसद नवीन जिंदल का धन्यवाद किया है।

# जे.पी.एस. अकादमी के छात्र खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर हुए चयनित



**संजना भारती संवाददाता**

**असन्ध।** गत सप्ताह जिला स्तरीय अनेक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करनाल के कर्ण स्टेडियम में किया गया। जिसमे असंध जिले के अनेक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दिखाई। इनमें जे. पी. एस. अकादमी, असंध प्रमुख रहा।

अकादमी के विद्यार्थियों में यशप्रीत अंडर 14 के अंतर्गत बास्केटबॉल के लिए राज्य स्तर पर चयनित हुआ। गुरजस, प्रत्यक्ष, वंश और आर्यन जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाते हुए बास्केटबॉल के लिए राज्य स्तर पर चयनित हुए। जागृत, महक और रीत चैस के लिए, टेनिस के लिए जागृत,बैडमिंटन के लिए सातवीं कक्षा की छात्रा तेजल का चयन किया गया। 100 मीटर की रिले रेस में गुरलीन ने प्रथम और 200 मीटर की रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

200 मीटर की रिले रेस में याचना ने प्रथम और 400 मीटर की रिले रेस में आरती, अनुष्का, निशु,अमानत और सारा जिला स्तर पर प्रथम रहते हुए राज्य स्तर पर अपने कौशल का परिचय देंगी। लॉन्ग जम्प में भानु द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तर पर चयनित हुआ। 400 मीटर की रिले रेस में लड़को में भानु, अर्पित, लविश और यश प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तर पर चयनित हुए। स्नेहित का चयन डिसकस थ्रो और शॉट पुट के लिए किया गया। अंडर 14 में 400 मीटर की रिले रेस में अर्णव, परीक्षित, नवजीवन और कार्तिक राज्य स्तर पर चयनित हुए।कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी जतिन ने वेट लिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तर पर स्वयं की प्रतिभा को दिखाने का ये सुनहरा अवसर जीता। सम्पूर्ण अकादमी के लिए यह एक गर्व का विषय रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए अकादमी के प्रबंधक योगिन्द्र राणा एवं प्रधानाचार्य मोहन सिंह ने इन विद्यार्थियों को एवं फिजिकल विभाग के अध्यक्ष मास्टर सन्नी को उनकी इस सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एक विद्यार्थी के लिए अपनी योग्यताओं को दूसरों के सामने जाहिर करना कोई आसान काम नहीं हैं। इसके लिए कड़ा आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत की जरूरत पड़ती हैं। उन्होंने चयनित छात्रों को उनकी आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी और कहा कि हम यह उम्मीद करते है कि ये छात्र राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाएंगे।

# तिरंगा सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक गौरव और एकता का गहरा प्रतिनिधित्व: डीसी प्रीति

## ■ सहकारी चीनी मिल कैथल में निकाली तिरंगा रैली, डीसी प्रीति ने लिया भाग

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक गौरव और एकता का एक गहरा प्रतिनिधित्व है। हर घर तिरंगा अभियान-2025, राष्ट्रीय ध्वज को हर भारतीय के घर तक पहुंचाने वाला एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है। यह अभियान हमारी साझा पहचान, स्वतंत्रता और एकता का एक भव्य उत्सव है, जो तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है।

डीसी प्रीति मंगलवार को सहकारी चीनी मिल कैथल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर तिरंगा रैली निकाली गई और डीसी प्रीति ने स्वयं इसमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा को लेकर जिला वासियों में पूरे उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक देशवासी में तिरंगे के प्रति गर्व और देशभक्ति की भावना ओर प्रबल करना है। यह अभियान 2 अगस्त से शुरू हुआ था जो 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। सभी आमजन इस अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर https://harghartiranga.com वेबसाइट पर अपलोड करें।



सहकारी चीनी मिल कैथल प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि यह देश की स्वतंत्रता और एकता का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है, जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे की भावना से ओत-प्रोत है। इस अवसर पर चीनी मिल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसानों को लागत के आधार पर मिले फसल का लाभकारी मूल्य: सेवा सिंह आर्य



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** किसान को फसल का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से आज किसान बबार्दी के कगार पर पहुंच गया है। ऐसी स्थिति में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हो रही। किसान को लागत के आधार पर फसल का लाभकारी मूल्य मिले।

उपरोक्त विचार भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने गुरुद्वारा डेहरा साहिब में किसानों की मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान जीवन सिंह ने की। बैठक में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर रोष जताया। बैठक में अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरमुख सिंह ने भी शिरकत की। सेवा सिंह आर्य ने कहा कि सरकार आवारा पशुओं का प्रबंध करे ताकि कोई भी आवारा पशु बेसहारा ना रहे और किसान की फसल बर्बाद होने से बच जाए। उन्होंने कहा कि एमएसपी की गारंटी का कानून बनाया जाए और भूमि अधिग्रहण कानून तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए और 60 वर्ष की आयु के बाद किसानों को पेंशन दी जाए तथा अनाज मंडी में किसान भवन बनाया जाए ताकि किसान अपनी फसल लेकर आए तो उसमें बैठ सके।

इस अवसर पर अन्नदाता किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरमुख सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर लखविंदर सिंह, सुखवंत सिंह, मास्टर रामकुमार, दलीप सिंह, अमरीक सिंह, गुरनाम सिंह, भीम सिंह, नर सिंह, लखपत राय व कुलवंत आदि मौजूद रहे।

# नशे के विरुद्ध लगातार जारी है पुलिस का जन जागरूकता अभियान

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** नशे के विरुद्ध कैथल पुलिस का जन जागरूकता अभियान लगातार जारी है। एसपी आस्था मोदी के निदेर्शानुसार जिला कैथल में एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार को शामिल करके नशा जागरूकता टीम बनाई गई है। जो उक्त टीम गांव गांव जाकर आमजन सहित युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक कर रही है। मंगलवार को उक्त टीम द्वारा कैथल में विभिन्न स्थानो पर युवाओं एवं उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए नशे के कारण होने वाले नुकसान के बारे मे बताया गया। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि नशीले पदार्थो का समाज में तेजी से चलन बढ़ रहा है। जिसकी चपेट में नवयुवक आ रहे हैं।

**■ नशा है अनेक बीमारियों की जड़, नशे को कहें ना, जिंदगी को कहें हां**

युवाओं में विशेष कर स्कूल/ कॉलेज के छात्र-छात्राओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है। शरीर की ताकत नशे की भेंट चढ़ जाने के कारण कैंसर, जिगर का खराब होना, फेफड़ों, दिल की बीमारी, शरीर का कमजोर होना, याददाश्त कमजोर होना, एड्स, मानसिक रोग आदि की बीमारी शरीर में घर कर सकती है। नशे की आदत एक बीमारी है। ज्यादातर सामाजिक, मानसिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोक ही इसका शिकार होते हैं। इसलिए उनसे सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए। नशे में फंसे व्यक्ति का मनोबल बढ़ाना चाहिए तथा इलाज के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही यह प्रवृत्ति इनको अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित करती है। आने वाले पीढ़ी को नशे से दूर कर एक सुनहरा भारत बनाने के लिए सीधी पुलिस ने यह पहल की है। पुलिस टीम द्वारा इस दौरान जिला वासियों से अपील भी की गई की आप अपने आस-पास के लोगो को नशे से होने वाले नुकसान के बारे बताये एवं नशीले पदार्थ बेचने वाले लोगो की जानकारी पुलिस को दे जिससे नशा तस्करों पर नकेल कसके जिला को नशामुक्त बनाया जा सके।



नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक करती कैथल पुलिस। (छाया: एसबी)

# प्रत्येक व्यक्ति को मानवता की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए: शेर प्रताप शेरी

## ■ जाट सेवा संघ के सदस्यों ने शेर प्रताप शेरी को किया सम्मानित



**संजना भारती संवाददाता**

**असन्ध।** जाट सेवा संघ के पदाधिकारियों ने हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी को करनाल रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शेर प्रताप शेरी सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेते है। हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी ने कहा कि मानवता की भलाई के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कार्य करना चाहिए। समाज में जरुरतमंद लोगों की सेवा करना ही मानव का पहला कर्म है। उन्होंने कहा कि जरुरतमंद लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। शेर प्रताप शेरी ने सम्मानित करने के लिए जाट सेवा संघ के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जाट सेवा संघ करनाल जिलाध्यक्ष जोगिंदर संधू, गुरनाम सिंह ब्लॉक प्रधान घरौंडा, दलबीर मान मोरमाजरा, दिलबाग नबरदार बल्ला, सुखबीर सिंधड, जोगिंदर सिंह पूर्व सरपंच फफड़ाना सहित अन्य मौजूद रहे।

# चार छात्र-छात्राओं का राज्य-स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन



**संजना भारती संवाददाता**

**असंध।** वैदिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्ला में 8 अगस्त को जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में परमजीत कक्षा 11वीं ने जूडो में प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज करवाया ।इसी के साथ सदाशिव 11वीं आर्ट से 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया और राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चुने गए। अंडर -14 में 46 केजी मे अंजलि तथा तन्वी ने 50 केजी रेसलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज करवाया । यह दोनों लड़कियां राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चुनी गई।

वैदिक विद्यालय में सभी छात्र छात्राओ की इस शानदार सफलता के लिए सभी ने उनको बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक विकास मान ने बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया और उन्हें आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रकार सफलता हासिल करते हुए बच्चों ने अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस जीत के मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति मान और उपप्रधानाचार्य सुरेन्द्र श्योकंद ने बच्चों की सफलता पर उन्हे बधाई दी। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों के चयन से खेल प्रेमियों और स्कूल स्टाफ में खुशी का माहौल है।

# बाल सरंक्षण एवं अधिकार आयोग की सदस्य मीनू शर्मा 15 अगस्त को किठाना में ध्वजारोहण कार्यक्रम में करेंगी शिरकत

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** गांव किठाना के स्वामी सीताराम कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाए जा रहे राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को गांव की ही बेटी मीनू शर्मा जो बाल सरंक्षण एवं अधिकार आयोग हरियाणा की सदस्य हैं, को ध्वजारोहण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। ज्ञात रहे कि मीनू शर्मा चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के न्यायिक बैंच के साथ साथ भाजपा के कई पदों पर कार्य कर चुकी हैं। मीनू शर्मा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि हरियाणा सरकार से सम्मानित प्रसिद्ध समाजसेवी कृष्ण कौशिक किठाना की छोटी बहन है।



बाल सरंक्षण एवं अधिकार आयोग की सदस्य मीनू शर्मा।

**आवश्यक सूचना**

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**

**वाटसेप नम्बर: 9871221635**

# सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ नहीं किया जाएगा समझौता: मंत्री रणबीर सिंह गंगवा

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि हमने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न ही गुणवत्ता के साथ समझौता किया जाएगा। सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के होने चाहिए, ताकि जनता को इसका फायदा मिल सके।

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मंगलवार को कैथल में अपने दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का

**■ 'किसी भी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार नहीं होगा बर्दाश्त'**

नारा है कि हर घर में नल और हर नल में स्वच्छ जल, इसको साकार करने का काम किया जा रहा है। सबको समय पर पानी मिले और समय पर मिले, यह हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी सड़क टूटी हुई हैं या खराब स्थिति में हैं, उनके लिए हमने इस साल में साढ़े छह हजार किलोमीटर की सड़क वर्क प्रोग्राम में ली है। दिसंबर माह के अंत तक सभी सड़कों को ठीक करवाने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही अमरूत-2 के तहत हमें केंद्र सरकार से 2100 करोड़ रुपये मिले हैं, जिससे सीवरेज की व्यवस्था और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्थाएं करवाई जा रही हैं। एक सवाल के जवाब में मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि कांग्रेस को आत्ममंथन करने की जरूरत है। जनता का पूर्ण विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर है, जिसकी बदौलत तीसरी बार में केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। हम जो वादे अपने संकल्प पत्र में करते हैं, उन्हें पूरा करते हैं। आज भाजपा के साथ देश की जनता खड़ी है और कांग्रेस अपना विश्वास खो चुकी है।